हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 13 मई 2025

तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

13 ग्रामीण पर झपट पड़ा तेंदुआ, रेस्क्यू के दौरान...



14 लंबित मांगों को पूरा करने पर मुख्यमंत्री का जताया...





## खबर संक्षेप



### महानदी के किनारे मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

**राजिम।** राजिम महानदी में एक अधेड़ की लाश मिलने से एकबारगी सनसनी फैल गई। हालांकि नदी में उस तरह से बहाव वाली धार है और न ही बारिशकाल जैसी बाढ़ वाली स्थिति। बहरहाल लाश किसकी है यह जानने लोगो की ललक बनी रही। राजिम टीआई अमृतलाल साहू को जैसे ही यह सूचना मिली फौरन बिना देर किए एक टीम नदी के लिए रवाना किया। लाश का पंचनामा कर चीरघर भिजवाया। तब तक इस लाश को नवापारा के खोलीपारा के 50 वर्षीय मानिक निषाद के रूप में पहचान कर लिया गया। पीएम के बाद लाश परिजनों को सौंप दी गई। बहरहाल इस मौत के कारणों की जांच में पुलिस लग गई है।

### मैनपुर कार्यालय में दस्तावेजों की दुर्दशा



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर स्थित महिला बाल विकास विभाग कार्यालय में सरकारी दस्तावेज का देखरेख करने वाला कोई नहीं है। सरकारी दस्तावेज सड़ गल रहा है और प्रतिदिन इस कार्यालय के सामने से कई अधिकारियों का आना -जाना लगा रहता है लेकिन किसी का नजर इस ओर नहीं जाना कई सवालों को जन्म देता है। मैनपुर नगर स्थित महिला बाल विकास विभाग के पुराने कार्यालय जो बीईओ कार्यालय के सामने है और यहां चैनल गेट लगा हुआ है बाहर से आने- जाने वाले लोगों को दिखाई दे रहा है। सरकारी दस्तावेज और राज्य सरकार द्वारा योजना के संबंध में जानकारी देने के लिए भेजे गए पाम्पलेट, कागजात, फार्म व अनेक योजनाओं से संबंधित जानकारी वाले किताब सड़ गल रहा है, इसे सुरक्षित रखने की फुर्सत संबंधित विभाग के पास नहीं है।

### आज गौ ग्राम जनजागरण अभियान का शुभारंभ

**नवापारा-राजिम।** श्री गोपाल गौशाला के तत्वावधान में गौ ग्राम जनजागरण अभियान का शुभारंभ 13 मई को विधायक इंद्रकुमार साहू, उमेशानंद गिरि एवं डॉ. राजेन्द्र गदिया की मौजूदगी में सुबह 10 बजे गौ माता की पूजा के बाद सदर रोड, गंज मार्ग में गौ माता का रथ निकाली जाएगी जिसमें समस्त गौ भक्त, धर्मप्रेमी एवं शहरवासी शामिल होंगे। 14 मई बुधवार को पारागांव, घोट, कोलियारी, चंपारण डगनिया, 15 गुरुवार को पोड़ ,जौंदा, जौंदी, नवागांव मंदलोर, सुंदरकेरा, परसदा, 16 शुक्रवार को छांटा, सोनेसिल्ली, आलेखुंटा, उमरपोटी, दादरझोरी, पिपरौद होते हुए 17 मई शनिवार को तर्री, दुलना, पटेवा, चिपरीडीह, डोंगीतराई ,हसदा से होकर कुर्रा में समापन होगा।

### राजिम में निशुल्क परामर्श शिविर आज

**राजिम।** शहर के भक्तिन माता चौक के पास कौर हास्पिटल में 13 मई सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन होने जा रहा है। इस शिविर में विशेष रूप से महिलाओं को चिकित्सा संबंधी परामर्श देने के लिए रायपुर के विशेषज्ञ डॉ मधुप्रिता अग्रवाल मौजूद रहेंगी। शिविर को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।

# गेट पर जड़ा है ताला, कृष्णा कुंज में लगाए गए पौधे अब सूख रहे

## खेल गतिविधियां ठप, लोगों को नहीं मिल रहा है लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

पंडित दीनदयाल उद्यान में बने कृष्ण कुंज वाटिका के पेड़ पौधों की जान भगवान भरोसे है। पेड़ों में पानी डालने एवं वाटिका की साफ सफाई को लेकर नागरिकों ने नगर पंचायत से गुहार लगाई है। नगर के दीन दयाल उद्यान मे बसे कृष्णकुंज वाटिका के सैकड़ों पेड़ों को पानी नहीं मिल पा रहा है। वहीं पर इस वाटिका में फैले कचरों की सफाई नहीं हो रही है जिसको लेकर नगर सहित वार्ड वासियों में आक्रोश है। नगर के एक मात्र उद्यान जहां पर नगर सहित ग्रामीण अंचल के लोग अपने छोटे बच्चों को लेकर झूले झूलने एवं गार्डन के आभ हवा लेने यहां पर आते -जाते रहते हैं। वहीं पर युवा जीम करने एवं बैडमिंटन कोर्ट में खेलते आते है। सुबह शाम चहल पहल रहती है। लेकिन यहां पर बने कृष्ण कुंज वाटिका के गेट में ताले लगे रहते है, जिसके चलते लोगों को इनका लाभ नहीं मिल रहा है। इस वाटिका का सृजन वन विभाग के द्वारा करते हुए फलदार वृक्ष रोपकर उसे बड़ा कर दिया है और नगर पंचायत को सौंप दिया है। लेकिन उन वृक्षों में बाढ़ जिस प्रकार होना चाहिए वह नहीं हो पा रहा है। जिसका प्रमुख कारण इन वृक्षों को पानी का नहीं मिल पाना है।



### देखरेख के अभाव में नष्ट हो जाएगी वाटिका

पानी के अलावा इन वृक्षो के जड़ों के पास इस कदर बन कचरा फैला हुआ है। इनकी साफ सफाई नहीं हो रही है। लोगों की सुविधा के लिए वाटिका का निर्माण किया गया है, लेकिन देखरेख के अभाव में यह वाटिका नष्ट हो जायेगी। शासन वृक्षों के रोपण एवं संवर्धन को लेकर नाना प्रकार के योजनाओं का क्रियान्वन कर रही है। वहीं पर जिम्मेदार लोगो के द्वारा लगे लगाये वृक्षों के जीवन का अनदेखा कर वाटिका को अंधेरे के गर्त मे ढकेलने का प्रयास कर रही है। वाटिका के देखभाल को लेकर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि कमलेश कश्यप ने कहा कि नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारियों की निष्क्रीयता से ऐसी हालत हो रही है। अधिकारी कर्मचारी को इस वाटिका को बचाने एवं नागरिकों के लिए गेट से शीघ्र ताला हटाना चाहिए।



**जनता के भावनाओं के साथ खिलवाड़-** कांग्रेस के वरिष्ट नेता हरिशंकर श्रीवास्तव ने कहा कि इस वाटिका के पेड़ पौधे नष्ट होंगे तो उसकी जवादारी नगर पंचायत की होगी। वाटिका मे इस प्रकार का हालत बनाना जनता के भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस दीनदयाल उद्यान मे दो माली कार्यरत थे, जिसे वर्तमान मे हटा कर अधिकारी के घर मे भोजन बनाने की ड्यूटि मे लगा दी है।

## बैठक : पीएम आवास में उदासीनता एवं लापरवाही बरतने पर 11 पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी

# पीएम आवास के नाम पर अवैध लेन देन की शिकायत पर होगी कड़ी कार्रवाई : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके ने सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना की गहन समीक्षा की। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों एवं आवास मित्रों की बैठक लेकर जिले में पीएम आवास योजना के प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी कार्यों का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने पंचायत वार स्वीकृत कार्यों, प्रगतिरत, हितग्राहियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त आबंटन एवं अप्रारंभ कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अप्रारंभ कार्यों को जल्द शुरू करने और जारी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक के दौरान पीएम आवास निर्माण कार्यों में उदासीनता, लापरवाही स्वेच्छाचारिता एवं अरुचि दिखाने वाले 11 ग्राम पंचायत सचिवों को मीटिंग के दौरान ही कारण बताओं नोटिस जारी किए। इनमें ग्राम पंचायत दांतबाय कला, कोसमबुड़ा, गुजरा, खरता, हाथबाय, बरबाहरा, मौहाभांठा, बेगरपाला, लोहारी, मरदाकला एवं खरहरी के पंचायत सचिव शामिल है।

■ कलेक्टर उइके ने पीएम आवास के कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

### प्रधानमंत्री आवास योजना का गंभीरतापूर्वता करें क्रियान्वयन



### हितग्राहियों को लाभान्वित करने कोई कोताही न बरते

कलेक्टर ने धीमी प्रगति वाले पंचायतों के अधिकारी कर्मचारियों को सक्रिय होकर प्राथमिकता में कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यों का जिओ टैगिंग भी सुनिश्चित करने करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पीएम आवास योजना अंतर्गत सर्वे, जिओ टैगिंग, इंस्टॉलमेंट के नाम से अवैध लेन देन की शिकायत नहीं आनी चाहिए। अन्यथा संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को लाभान्वित करने कोई कोताही न बरते। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर श्री नवीन भगत सहित पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### 911 आवास में 295 पूर्ण

कलेक्टर श्री उइके ने बैठक में कहा कि शासन के मंशानुसार हितग्राहियों के आवास समय पर पूर्ण हो, जिससे उन्हें आवास योजना का लाभ आसानी से मिल सके। आवास योजना की लगातार शासन स्तर से भी समीक्षा हो रही है। हितग्राहियों को लाभान्वित करने मैदानी अमले सक्रिय होकर गंभीरतापूर्वक कार्य करें। कलेक्टर श्री उइके बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना की भी समीक्षा की। उन्होंने जनमन योजना अंतर्गत बन रहे आवासों की जानकारी ली। अपर कलेक्टर श्री भगत ने बताया कि जिले में कमार परिवारों को आवास सुविधाओं से लाभान्वित करने पीएम जनमन योजना अंतर्गत 911 आवास स्वीकृत किए गए है। इनमें 295 आवास पूर्ण हो चुके है, शेष प्रगतिरत है। कलेक्टर ने संबंधित क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों को कार्यों में तेजी लाते हुए शेष कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समन्वित प्रयास कर विशेष कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अच्छा कार्य करने वाले अधिकारी- कर्मचारियों की प्रशंसा भी की। साथ ही धीमी प्रगति वाले क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों को उनसे सीख लेने की अपेक्षा की।

# गिट्टी का ढेर दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा-रायपुर मुख्य मार्ग पर कई स्थानों पर बिखरे हुए रेत एवं गिट्टी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। यदि संभलकर नहीं चले तो दुर्घटना होना तय है। बता दे कि रायपुर रोड पर नवापारा से कुर्रा 4 किलोमीटर फोरलेन मार्ग का निर्माण किया गया है। डिवाइडर के बीचो-बीच बिजली के पोल लगाने का काम विगत 2-3 माह से चल रहा है। पोल को खड़ा करने के लिए मार्ग में ही गिट्टी एवं रेत रखे गए है। चूंकि मेन रोड में चौबीसों घंटे ट्रैफिक का दबाव रहता है। ढेर सारी यात्री गाड़ियां, मालवाहक वाहन और सभी प्रकार के चारपहिए-दोपहिए गाड़ियों का आना-जाना लगा रहता है। वहीं नगर के सभी प्रमुख संस्थान कन्या शाला, कन्या महाविद्यालय, बैंक, शादी भवन, रेस्टोरेंट, थाना, तहसील एवं बड़े प्रतिष्ठान रायपुर रोड पर स्थित है लिहाजा बिखरी हुई रेत एवं गिट्टी लोगो के लिए जान का दुश्मन बना हुआ है। यदि संभलकर नहीं चले तो समझो दुपहिया फिसलेगी और जान जोखिम में भी पड़ेगा। पोल लगाने जिन्होने भी ठेका लिया है उनकी मनमानी जगजाहिर है। जानकारों का मानना है कि हफ्तों में जिस काम को पूरा किया जा सकता है उसे करने में कई महिने लग रहे हैं।

# पिकअप पलटी, कोई हताहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे मार्ग में जोबा घाटी के समीप सोमवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया, जब आम से भरा एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। पिकअप (क्रमांक सीजी 04 एनजे 2478) रायपुर का था, जो देवभोग से कच्चा आम लेकर रायपुर की ओर जा रहा था। जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर जोबा घाटी में यह वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। पलटने से वाहन में भरे आम सड़क और सड़क किनारे गड्ढों में फैल गए। इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद राहगीरों और वाहनचालकों ने मिलकर आम समेटने और वाहन को सीधा करने की कोशिश की। स्थानीय लोगों का कहना है कि घाटी क्षेत्र में मोड़ तीखे हैं और भारी लोड वाले वाहनों को संभलकर चलाने की जरूरत होती है। हालांकि, दुर्घटना का असली कारण वाहन चालक की लापरवाही या तकनीकी खराबी रही, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# चिलचिलाती धूप में हरियाली से मिल रही राहत







हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

गर्मी के इस मौसम में हरा-भरा झाड़ दिख जाए तो दो पल ठहरकर रूक जाने अथवा विश्राम करने का मन हो ही जाता है। बात कर रहे है शहर के भीतर हरे-भरे दिख रहे वृक्षों का। ये वृक्ष राहगीरों को न केवल छांव प्रदान कर रहा है, बल्कि धूप में चलते हुए लोगो के लिए दो पल विश्राम करने का साधन भी है। नगर पालिका नवापारा में दो बार के अध्यक्ष रहे विजय गोयल उनके द्वारा शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक से लेकर गंज मार्ग, महानदी पुल के पहले इंदिरा मार्केट रोड और मैडम चौक से पारागांव मार्ग के अलावा अन्य कॉलोनियो में वृक्षारोपण कराया गया। उनके द्वारा कराए गए ▶▶| शेष पेज 13 पर

### गर्मी का विकराल रूप घातक

उन्होने इस शहर में दो गार्डन भी बनवाया और शादी-ब्याह या बड़े कार्यक्रम के लिए भवन जिसका नाम कलामकोठी रखा गया। एक गार्डन रायपुर मार्ग पर मेन रोड में और दूसरा महानदी किनारे इंदिरा मार्केट के पास। ये दोनों गार्डन आज हर किसी के सुबह-शाम वॉक और बैठने का काम आ रहा है। दोनों जगह की हरियाली देखते ही बन रही है। बता दें कि दिनबदिन गर्मी अपने विकराल स्वरूप में है। ऐसे में पौधारोपण करना अब हर किसी के लिए अनिवार्य हो गया है। एक तरफ रोड चौड़ीकरण के चलते अभनपुर से लेकर पांडुका तक सड़क के दोनो तरफ के हरे-भरे बड़े-बड़े झाड़ को काटा गया है, जिससे इस मार्ग में अब छांव नाम की चीज नहीं है। यदि किसी की गाड़ी खराब हो जाती है या बस की प्रतिक्षा करते है तो छांव के अभाव में चिलचिलाती धूप में खड़े रहना किसी सजा से कम नहीं लगता।

## तीसरे दिन सति कथा जडभरत चरित्र और ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई

# भावी पीढ़ी को भक्त ध्रुव जैसे संस्कार की है जरुरत : पं. ऋषिकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

समीपस्थ ग्राम रजनकटा में यादव परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा दौरान भगवताचार्य पं ऋषिकेश तिवारी द्वारा प्रभावी कथा वाचन किया जा रहा है जिसमें आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में कथा श्रवण का लाभ ले रहे हैं। आयोजन की शुरुआत शनिवार 10 मई को कलश यात्रा गोकर्ण पूजा के साथ हुआ जिसमें लगातार सुखदेव जन्म बाराह अवतार परीक्षित जन्म और तीसरे दिवस रविवार को सति चरित्र जडभरत कथा और भक्त ध्रुव की कथा कही। सती और जड़भरत की भागवत कथाएं हिंदू धर्म में दो महत्वपूर्ण कथाएं हैं जो भागवत पुराण में वर्णित हैं। सती की कथा भगवान शिव के प्रति उनकी अटूट भक्ति और त्याग को दर्शाती है, जबकि जड़भरत की कथा जीवन के सांसारिक बंधनों से मुक्ति प्राप्त करने और एकाग्रता के महत्व को दर्शाती है। सती, भगवान शिव की पत्नी और राजा दक्ष की सबसे छोटी बेटी थीं। सती की भक्ति इतनी गहरी थी कि उन्होंने अपने पिता के द्वारा किए गए अपमान को सहन नहीं किया और अग्नि में प्रवेश करके अपनी जान दे दी। सती की इस कथा में उनकी अटूट भक्ति और त्याग की कहानी को दर्शाया गया है।



### कुसंस्कारों से ग्रसित हो रहे हैं लोग

जड़भरत की कथा में बताया की जड़भरत एक महान राजा थे जो अपने ज्ञान और भक्ति के लिए जाने जाते थे। वे मृग के छौने में तन्मय हो गए थे, जिसके कारण उनका ज्ञान अवरुद्ध हो गया था और वे जड़वत हो गए थे। इस कथा में जीवन के सांसारिक बंधनों से मुक्ति प्राप्त करने और एकाग्रता के महत्व को दर्शाया गया है। पंडित तिवारी ने ब्यास मंच से आग्रह किया कि आज समाज में लोग कुसंस्कारों से ग्रसित हो रहे हैं इस समय हमें भावी पीढ़ी को पिता उतानपाद और माता सुरुचि के समान अपने संतानों को संस्कारित करने की आवश्यकता है तभी हमारा समाज स्वच्छ और स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता है। कार्यक्रम का आयोजन अपने माता स्व. रामकुंवर बाई यादव के बरसी श्राद्ध में उनके पुत्र खेमलाल यादव एवं वेदप्रकाश यादव, लक्ष्मी कांत यादव एवं यादव परिवार द्वारा किया गया है।

# जिले के 71 स्काउट गाइड को बोर्ड परीक्षा में मिला बोनस अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

राज्य मुख्यालय भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत के मार्गदर्शन में गत वर्ष आयोजित राज्यपाल पुरस्कार जांच परीक्षा में जिला गरियाबंद से 28 स्काउट, 18 गाइड, 18 रोवर एवं 13 रेंजर कुल 77 प्रतिभागी उत्तीर्ण हुए।

डीओसी स्काउट आशीष कुमार साहू एवं डीओसी गाइड सीमा साहू ने जानकारी दी कि कक्षा 10 वी में अध्ययनरत 36 स्काउट गाइड एवं कक्षा 12वीं में अध्ययनरत 35 स्काउट-गाइड कुल 71 छात्र-छात्रओं को माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा बोनस अंक प्रदान किए जाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत द्वारा बोनस अंक का प्रस्ताव उच्च कार्यालय को भेजा गया था इसके उपरांत जिला के कुल 71 स्काउट गाइड रोवर रेंजर को बोर्ड परीक्षा में बोनस अंक प्राप्त हुआ है। जिला सचिव रोमन लाल साहू ने बताया कि ने बताया कि यह राज्यपाल पुरस्कार इन स्काउट गाइड के ढ़ाई साल की मेहनत से परीक्षा उपरांत मिलता है। इस उपलब्धि पर स्काउट गाइड जिला संघ के जिला अध्यक्ष संतोष उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, जिला मुख्य आयुक्त बैशाखू राम साहू, पूर्व जिला मुख्य आयुक्त डॉ. रामकुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष ▶▶| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### चित्रकला प्रदर्शनी में 150 से अधिक तस्वीरों का प्रदर्शन



**रायपुर।** नूतन कला संगम बूढ़ापारा द्वारा संस्कृति विभाग स्थित कला दीर्घा में दो दिवसीय 11 से 12 मई तक अभिव्यक्ति, चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मूर्ति कलाकार इंद्रा घोष ने रविवार को किया। चित्रकला प्रदर्शनी में कुल 42 कलाकारों द्वारा बनाए गए 150 से अधिक चित्रों का प्रदर्शन किया गया, जिसके अंतर्गत कलाकारों द्वारा पेंसिल, वाटर कलर, ऑयल पेस्टल, सॉफ्ट पेस्टल, एक्रेलिक कलर, ऑयल पेंटिंग, टेक्सचर पेंटिंग एवं कैनवास पर अपनी कला का प्रदर्शन किया गया है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि कार्टून वॉच पत्रिका के संपादक त्रयंबक शर्मा रहे।

### बसंत विहार कॉलोनी में सुंदरकांड संगीतमय पाठ



**रायपुर।** बसंत विहार कॉलोनी गोंदवारा में श्रीरामचरित मानस सुंदरकांड के संगीतमय पाठ का आयोजन स्व. नाथूराम साहू के निवास पर शनिवार को किया गया। इस दौरान जयकुमार यादव ने कहा कि कलयुग में भगवान का नाम लेने से ही मनुष्य भवसागर पार हो सकता है, उन्होंने कहा कि प्रभु नाम के स्मरण मात्र से ही समस्त पाप कट जाते हैं। उन्होंने कहा कि सुंदरकांड बजरंगबली की आराधना है। इसका पाठ करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं। इसी दौरान स्व. नाथूराम साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सुपुत्रों द्वारा सुंदरकांड के संगीतमय पाठ का आयोजन किया गया। संगीतमय पाठ के बाद आरती व महाप्रसाद का वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मानस मंडली के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में घर के सदस्य एव कॉलोनीवासी शामिल हुए।

### अल्पसंख्य आयोग के अध्यक्ष अमरजीत का सम्मान



**रायपुर।** गुरु अमरदास साहिब के पावन प्रकाश उत्सव पर रविवार को विशेष दीवान रखा गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंग छाबड़ा ने अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंग छाबड़ा का सम्मान किया। इसके बाद गुरु का लंगर रखा गया। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंग छाबड़ा, उपाध्यक्ष द्वय इंदरजीत सिंग छाबड़ा, तेजिंदर सिंग होरा, कल्याण सिंग, मनजीत सिंह, कुलजीत सिंह मक्कड़, कुलदीप सिंह, राजा भल्ला, रश्मित सिंग, हरजीत सिंग, इंदरपाल सिंग अजमानी समेत सैकड़ों संगत ने कीर्तन का रसपान किया।

### ज्योत्स्ना को पीएचडी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी भिलाई ने ज्योत्स्ना चौबे को बायोटेक्नोलॉजी में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय आईडेंटिफिकेशन ऑफ बायोमार्कर फॉर डिफरेंटशिएटिंग ओरल कैंसर स्टेज एंड डिजीज प्रोग्रेशन यूजिंग सिस्टम बायोलॉजी अप्रोच रहा। उन्होंने अपना शोधकार्य डिपार्टमेंट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, रायपुर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. तनुश्री चटर्जी के निर्देशन एवं सिस्टम बायोलॉजी इंस्टीट्यूट ऑफ बायोइनफॉर्मेटिक्स, यूनिवर्सिटी ऑफ रास्टॉक, जर्मनी के प्रोफेसर डॉ. ओलफ वोल्कान्होर के सह निर्देशन में पूरा किया।

# 20 साल में सात हजार का सोना हुआ लखटकिया, सौ साल पहले थे महज 18 रुपए दाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

सोने ने इतिहास में पहली एक लाख का आंकड़ा पार कर लिया है। सौ साल पहले 1925 में सोने की कीमत महज 18 रुपए दस ग्राम थी, जो आज एक लाख के पार हो चुकी है। 20 साल में सोने की कीमत सात हजार से एक लाख तक पहुंची है। दस-दस साल में सोने के दाम चार गुना बढ़े हैं। 2005 में सोने की कीमत महज सात हजार रुपए थी, जो 2015 में 26 हजार के पार हुई थी। इसके बाद अब दस साल बाद 2025 में सोने की कीमत एक लाख के पार हुई है। इस साल भी दाम करीब चार गुना बढ़े हैं। सोने की कीमत ने बीते चार साल में सबसे तेज रफ्तार पकड़ी है।

अलग खबर

## दो बार दस-दस साल में चार गुना हो गए दाम

### 2015 के बाद दाम तेजी से बढ़े

सोने की कीमत को 2015 के बाद मानो पर ही लग गए। दस साल में इसके दाम एक बार फिर से करीब चार गुना बढ़े हैं। 26 हजार से 50 हजार तक का सफर तय करने में सोने को 6 साल का समय लगा, लेकिन 50 हजार से एक लाख तक का सफर तय करने में चार साल का ही समय लगा। जो सोना 2021 में 50 हजार था, वह अब एक लाख के पार होकर एक लाख तीन सौ पचास रुपए हो गया है।

### 1980 में पहली बार हजार के पार

सोना आज तो लखपति हो गया है, लेकिन इसको हजारी बनने में 55 साल लग गए थे। सोना जहां पहली बार 1974 में पांच सौ रुपए के पार होकर 506 हुआ था, वहीं 1980 में पहली बार सोने ने हजार का आंकड़ा पार किया और कीमत 1330 रुपए हो गई। इसके बाद सोने को दो हजार तक पहुंचने में महज पांच सालों का ही सफर तय करना पड़ा। 1985 में सोना दो हजार के पार होकर 2130 रुपए हो गया। 1996 में सोना पांच हजार के पार हुआ और कीमत 5160 रुपए हो गई।

### 2005 में सात हजार थे दाम

सोने की कीमत 20 साल पहले 2005 में सात हजार रुपए थी। 2005 से 2015 के बीच के दस साल में सोने के दाम आसमान पर पहुंचे। सोना सात हजार से करीब चार गुना महंगा होकर 26845 रुपए हो गया। इतिहास में यही पहला असवसर था जब दाम इतनी तेजी से बढ़े।

### सोने के दाम 1925 से 2025 तक

1925 में 18.75 रुपए
1935 में 30.81 रुपए
1945 में 62.00 रुपए
1955 में 79.00 रुपए
1965 में 72.00 रुपए
1975 में 540 रुपए
1985 में 2130 रुपए
1995 में 4680 रुपए
2005 में 7000 रुपए
2015 में 26845 रुपए
2025 में 100350 रुपए

चार साल पहले 2021 में सोने की कीमत 50 हजार थी, जो अब डबल होकर एक लाख के पार हो गई है। इतनी तेजी से सोने के दाम इतिहास में कभी नहीं बढ़े। अगर इस साल 2025 की ही बात करें तो इस साल महज चार माह में ही इसके दाम करीब 22 हजार बढ़े हैं।

### 1925 में 18 रुपए थे दाम

सोने के सौ साल का इतिहास देखा जाए तो सोने के दाम 1925 में 18.75 थे। अपने पहले दस साल में इसके दाम 1935 में 30 रुपए तक पहुंचे। इसके बाद 1945 में इसके दाम 62 रुपए थे। आजादी के बाद 1947 में दाम 88.62 रुपए थे। पहली बार सोने ने सौ रुपए का आंकड़ा 1959 में छुआ और दाम 102 रुपए हुए।

## शिविर : सुशासन तिहार अंतर्गत कोडार में समाधान शिविर का हुआ आयोजन

# विष्णु देव के सुशासन में हर गांव का होगा विकास: विधायक सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

**शिविर में हितग्राहियों को राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड, जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री अभिनंदन पत्र का किया गया वितरण**



सुशासन तिहार अंतर्गत 12 मई को महासमुंद विकासखंड के ग्राम कोडार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा मंचासीन थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान ,जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर एवं देवकी पटेल, जनपद सदस्य योगेश्वरी साहू, गजल महिलांग, अंजली परमार, सुधा चंद्राकर, प्रियंका ढीढी, अंजलि खैरवार, डिगेश्वरी चंद्राकर, पप्पू पटेल, धरम पटेल, संदीप घोष एवं राजू यादव मौजूद रहे। अंचल के सरपंच गण, अपर कलेक्टर रवि साहू, अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैंकरा, जनपद सीईओ बीएस मंडावी भी मौजूद थे। साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

यहां 11 पंचायत जोबा, मालीडीह, भोरिंग, अछोली, गढ़ासिवनी, कुकराडीह, खैरझिटी, कौआझर, बेलटुकरी, अछोला, परसाडीह से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के निराकरण की कार्रवाई की जा रही है। सर्वप्रथम विधायक एवं जनप्रतिनिधियों ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालों का अवलोकन किया, और उनके विभाग में कितने आवेदन आए और कितने आवेदनों का निराकरण किया गया उसकी जानकारी ली। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामवासियों की समस्याओं को तन्यमयतापूर्वक सुनकर निराकरण के निर्देश दिए। शिविर को संबोधित करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप ग्राम पंचायतों के अंतिम व्यक्ति तक समस्या के समाधान के लिए कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के सुशासन में जिले के सभी गांवों का विकास होगा। विकास कार्य के लिए धन राशि की कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सभी वर्गों के हित का ध्यान रख रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस सर्वे किया जा रहा है,ताकि एक भी पात्र हितग्राही सर्वे सूची में नहीं छूटे और सभी को पक्का आवास मिले। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन योजना अंतर्गत हितग्राही लाभान्वित हो रहे है। विधायक सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप छत्तीसगढ़ निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है। सभी मांग एक एक करके पूरा करेंगे। उन्होंने श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। कहा कि इस विभाग में अनेक जनकल्याण करी योजनाओं संचालित है। जल्दी ही टोल फ्री नंबर जारी किया जाएगा। ओलावृष्टि के तहत किसानों को जो नुकसान हुआ है उन्हें मुआवजा दिलाया जाएगा। इसके लिए सर्वे किया जा रहा है।

### विभिन्न विकास कार्यों की दी जानकारी

विधायक सिन्हा ने विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि महासमुंद क्षेत्र में लहंगर से पीढ़ी मार्ग में 5 करोड़ 23 लाख रुपए की स्वीकृति हो गई है।जल्दी ही टेंडर लगेगा और भूमि पूजन किया जाएगा। इसी तरह पटेवा से रायपुर मार्ग के लिए 11 करोड़, परसाडीह से लहंगर के लिए भी राशि स्वीकृति होने की जानकारी दी। ग्राम साराडीह, बनसिवनी मार्ग, नवापारा से अछरीडीह आदि की स्वीकृति के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने जनता के समक्ष महासमुंद में विकास कार्यों की जानकारी जनता को दी। उन्होंने कहा कि आने वाले 2047 में विकसित छत्तीसगढ़ का सपना पूरा जरूर होगा। महासमुंद का एक एक गांव विकसित होगा। इस अवसर पर विधायक श्री सिन्हा एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा शिविर में 5 हितग्राहियों को प्राथमिकता राशन कार्ड एवं श्रमिक कार्ड, 7 हितग्राहियों को जॉब कार्ड, 2 पेंशन स्वीकृति पत्र, 2 हितग्राहियों को स्वच्छ और सुंदर आवास योजना के लिए अभिनंदन पत्र दिया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा छायादार ,फलदार पौध वितरण किया गया। ग्रामवासियों ने शिविर में बड़ी संख्या में भाग लेकर रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर और मधुमेह की जांच कराई। जांच के उपरांत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जरूरतमंदों को आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही,आयुष विभाग के स्टॉल पर मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु जनसामान्य को आयुर्वेदिक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।

# बीकॉम-सीए फाउंडेशन के पर्चे न टकराएं, इसलिए बदली तारीख और अब सीए इंटर संग टकराव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रविवि ने सेमेस्टर कक्षाओं की समय-सारिणी जारी की। इसमें बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर भी शामिल रहा। जब पहली बार समय-सारिणी जारी की तो बीकॉम के पर्चे सीए फाउंडेशन के साथ टकरा रहे थे। छात्रों ने इस पर आपत्ति दर्ज करते हुए बीकॉम की परीक्षा तिथि बदलने की मांग की। रविवि ने इसे स्वीकार भी कर लिया और संशोधित समय-सारिणी जारी कर दी। अब बीकॉम की परीक्षाएं सीए फाउंडेशन के साथ नहीं बल्कि सीए इंटर के साथ टकरा रही है। छात्र फिर माथा पकड़कर बैठ गए हैं। छात्र अब पुनः विरोध दर्ज कराने की तैयारी में है।

- बीकॉम की परीक्षा दिलाने वाले छात्र ही शामिल होंते हैं सीए की प्रवेश परीक्षाओं में

यह पहली बार नहीं है जब रविवि द्वारा बीकॉम और सीए की प्रवेश परीक्षाओं की तिथि टकराने के कारण तिथियों में बदलाव किया गया हो। बीते वर्ष भी यही स्थिति निर्मित हुई थी। इसके बाद रविवि द्वारा समय-सारिणी में परिवर्तन किया गया था। सीए प्रवेश परीक्षाओं की तिथियां पूर्व में ही घोषित हो चुकी थी। इसके बाद भी रविवि द्वारा टाइम-टेबल तैयार करते समय इस पर ध्यान नहीं दिया गया। बार-बार बदलाव से ना केवल छात्रों में भ्रम की स्थिति निर्मित हो रही है, बल्कि महाविद्यालय भी इससे परेशान हो गए हैं।

### अन्य विषयों में भी बदलाव

जारी की गई नवीन समय-सारिणी के अनुसार, बीकॉम की सीएमए की परीक्षा सीए इंटर मीडियट से टकराएगी। यदि छात्र दोनों में से एक भी परीक्षा छोड़ते हैं जो उनका एक वर्ष खराब होगा। रविवि द्वारा ना सिर्फ बीकॉम बल्कि कई अन्य विषयों की समय-सारिणी में भी बदलाव किया गया है। छात्रों द्वारा कोर्स पूण नहीं होने की शिकायत के बाद सेमेस्टर की परीक्षाएं मई के स्थान पर जून में कराने का निर्णय रविवि द्वारा पिछले सप्ताह लिया गया था।

### तीन चरणों में होती है परीक्षा

गौरतलब है कि सीए बनने के लिए तीन चरणों में परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होती है। सर्वप्रथम सीए फाउंडेशन की परीक्षा होती है। इसे उत्तीर्ण करने के बाद छात्रों को अगले वर्ष सीए इंटरमीडिएट की परीक्षाएं दिलानी होगी। इसके बाद आर्टिकल-सी पूर्ण करना होता है। अंत में इंटर फाइनल की परीक्षाएं होती हैं। इस पूरी प्रक्रिया में चार से पांच साल का समय लग जाता है। ऐसे में अधिकतर विद्यार्थी सीए की तैयारियों के साथ-साथ बीकॉम-एमकॉम की पढ़ाई भी कर रहे होते हैं।

# छत्तीसगढ़ समेत देशभर में हिंदुस्तान पेट्रोल पंप के कंठ सूखे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपी) में तकनीकी खराबी आने की वजह से पिछले पांच दिनों से एचपी डीलरों के पंपों में समय पर पेट्रोल, डीजल नहीं मिल पा रहा है। एचपी पेट्रोल पंप एसोसिएशन के प्रतिनिधि अभय पारख के अनुसार, डिपो में पर्याप्त स्टाक है। एचपी के सर्वर में तकनीकी खामी होने की वजह से डीलरों के टैंकर में पेट्रोल, डीजल मैनुअल तरीके से भरा जा रहा है। इस वजह से पेट्रोल, डीजल की आपूर्ति में देर हो रही है।

- तकनीकी खामी के चलते समय पर नहीं पहुंच रहे टैंकर

अभय पारख के अनुसार, विगत 7 मई से सर्वर में तकनीकी खामी आने के बाद से ऑयल आपूर्ति प्रभावित हुई है। एचपी से जुड़ी तकनीकी टीम सर्वर ठीक करने की कोशिश में जुटी हुई है। एचपी प्रबंधन द्वारा तकनीकी खामी को 30 प्रतिशत तक सुधार लिया है। एचपी एसोसिएशन के प्रतिनिधि के अनुसार, एक दो दिन में सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी।

### राज्य में साढ़े सात सौ एचपी डीलर

राज्य में एचपी के साढ़े सात सौ डीलर हैं। सर्वर में तकनीकी खराबी आने को लेकर साइबर अटैक करने की आशंका जताई जा रही थी, लेकिन एचपी प्रबंधन ने किसी भी तरह का साइबर अटैक होने की बात से इंकार किया है। सर्वर में किस तरह की खामी आई थी, इसे लेकर एचपी प्रबंधन ने कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। साथ ही जल्द ही सामान्य स्थिति बहाल होने का दावा किया है।

### महज 20 प्रतिशत टैंकरों में भर पा रहे ऑयल

सर्वर में तकनीकी खराबी आने की वजह से डिपो में महज 20 प्रतिशत टैंकरों में पेट्रोल, डीजल भरा जा रहा है। इसकी वजह, जो ऑनलाइन सिस्टम से काम होता था, उसे मैनुअल तरीके से करना पड़ रहा है। हालांकि रविवार को स्थिति में सुधार होने का दावा किया गया है।

# मशीन से अरमान नाले की सफाई शुरू



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शहर के 4 वार्डों के रिहाइशी इलाकों में जलभराव का कारण बन रहे अरमान नाले की मशीन से सफाई का कार्य रविवार से शुरू हो गया है। नाले में भारी मात्रा में कचरा और तल तक सील्ट की मोटी परत जमने से उसकी तल तक सफाई टेल एंड तक करने की जरूरत है। पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड पार्षद आकाश तिवारी ने रविवार को जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के साथ अरमान नाला का निरीक्षण कर तल तक एक छोर से दूसरे छोर तक सफाई कराने के लिए कहा है, ताकि बारिश के समय चार वार्डों के रहवासियों को जलभराव से राहत मिल सके। अरमान नाले की बारिश पूर्व सफाई में निगम प्रशासन जुट गया है। अरमान नाला बारिश के समय शहर के पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड, गुरु गोविंद सिंह वार्ड, कालीमाता वार्ड और शंकरनगर वार्ड को प्रभावित करता है। पार्षद आकाश तिवारी ने बताया कि विगत कई वर्षों से नई बस्ती में बारिश के समय जलभराव होता है। इसलिए अभी से उचित प्रयास किए जाने चाहिए, ताकि आने वाले दिनों में बस्ती के रहवासियों को जलभराव की समस्या से जूझना न पड़े। इसके लिए अरमान नाले का पूरी प्लानिंग के साथ सफाई कार्य शुरू कराया गया है।

- पार्षद आकाश तिवारी ने जोन 4 कमिश्नर के साथ किया निरीक्षण

# ई-व्हीकल चार्जिंग से नगर निगम को 8 माह में 2.50 लाख की कमाई

## दिल्ली की अनुबंधित एजेंसी जीवा ने शहर के 4 स्थानों पर स्थापित किए हैं ई-चार्जिंग स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगर निगम ने अब ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन से आमदनी का जरिया जुटा लिया है। पिछले 8 माह में नगर निगम को इससे 2.50 लाख रुपए कमाई हुई। चार्जिंग कराने वालों से दिल्ली की कंपनी 18 रुपए प्रति यूनिट शुल्क ले रही है। इसमें नगर निगम का हिस्सा 10 रुपए और कंपनी की जेब में 8 रुपए जा रहे हैं। अनुबंधित कंपनी ने फिलहाल शहर के 4 स्थानों पर ई-व्हीकल के लिए चार्जिंग स्टेशन खोला है।

- 18 रुपए प्रति यूनिट चार्जिंग शुल्क, 8 रुपए कंपनी को 10 रुपए निगम के हिस्से में

दरअसल इको फ्रेंडली सुगम आवागमन को बढ़ावा देने शहर में ई-व्हीकल का प्रचलन बढ़ा है। इसे देखते हुए रायपुर नगर निगम ने दिल्ली की एजेंसी जीवा के साथ अनुबंध किया है। अनुबंधित एजेंसी ने शुरुआत में फोर व्हीलर ई-व्हीकल धारकों के लिए शहर में निगम मुख्यालय परिसर भाठागांव के पास स्थित इंटरस्टेट बस टर्मिनल, जयस्तंभ चौक के पास स्थित मल्टीलेवल पार्किंग और कलेक्टोरेट के पास स्थित हाईटेक मल्टीलेवल पार्किंग के पास ई-व्हीकल चार्जिंग के लिए सुविधा दी है, ताकि ई-व्हीकल चालक अपनी गाड़ी आसानी से रीचार्ज करा सकें।




### 15वें वित्त आयोग से मिली राशि से चार्जिंग स्टेशन

प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, नगर निगम ने 15वें वित्त आयोग से मिली राशि से शहर में 4 स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इसके संचालन व संधारण के लिए निगम ने दिल्ली की कंपनी जीवा के साथ अनुबंध किया है। हालांकि इसकी शुरुआत अभी फोर व्हीलर ई-व्हीकल से की गई है। अच्छा रिस्पांस मिलने पर आने वाले दिनों में थ्री व्हीलर चालकों के लिए भी ई-व्हीकल की चार्जिंग कराने सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## नई दिल्ली में आयोजन, देशभर के 100 से अधिक व्यापारी नेता भाग लेंगे

# देश के खुदरा व्यापार पर कब्जे की साजिश के खिलाफ 16 मई को दिल्ली में कैट की राष्ट्रीय संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

देश के करीब 140 करोड़ के सालाना खुदरा व्यापार पर कब्जे की साजिश के विरोध में कैट की राष्ट्रीय संगोष्ठी 16 मई को दिल्ली में होने जा रही है, जिसमें देशभर के 100 से अधिक व्यापारी नेता भाग लेंगे।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया कि ई-कामर्स और क्विक कामर्स कंपनियों की चालों का सामना करने 16 मई को नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी में देशभर के 100 से अधिक व्यापारी नेता हिस्सा लेंगे। इसका आयोजन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स द्वारा किया जा रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी कांफ्रेंस में इस मुद्दे पर मुख्य वक्तव्य देंगी। श्री पारवानी ने बताया कि इस कांफ्रेंस में केवल व्यापारी ही नहीं, बल्कि स्वदेशी उत्पादों के समर्थक, ट्रांसपोर्ट, लघु उद्योग, एमएसएमई, उपभोक्ता संगठन, महिला उद्यमी, किसान, स्टार्टअप, कर्मचारी संगठनों समेत व्यापार के विभिन्न सेक्टर भी भाग लेंगे। सभी मिलकर इन विदेशी पूंजी पोषित कंपनियों के षडयंत्रों को उजागर करने और देशव्यापी अभियान चलाने की एक संयुक्त रणनीति तय करेंगे। कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने कहा कि यह कांफ्रेंस अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि व्यापार और उद्योग के विभिन्न सेक्टर्स अब एक मंच पर आकर इन कंपनियों को सीधी चुनौती देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने बताया कि इन कंपनियों ने अब तक मोबाइल और मोबाइल एसेसरीज, एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, किराना, इलेक्ट्रॉनिक्स, खिलौने, वस्त्र, परिधान, जूते-चप्पल, खाद्य सामग्री, रेस्तरां और होटल्स जैसे कई प्रमुख व्यापार क्षेत्रों को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। वहीं व्यापार के अन्य क्षेत्रों पर भी ये कंपनियां कब्जा करने की कोशिश में जुटी हैं।

### जमकर विरोध करें व्यापारी

श्री पारवानी एवं श्री जैन ने दो टूक कहा कि अब समय आ गया है, जब इन कंपनियों की अनैतिक व्यापारिक गतिविधियों का देशभर के व्यापारी जमकर विरोध करें, ताकि देश के खुदरा व्यापार को इनकी गिरफ्त से बचाया जा सके। यह कॉन्फ्रेंस एक निर्णायक कदम होगी, जिससे निकली रणनीति के आधार पर देशव्यापी जागरूकता और विरोध अभियान की शुरुआत की जाएगी।

# सौ करोड़ की लागत से बनाए जाएंगे तीन ओवरपास, पांच लाख आबादी को राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

बिलासपुर-रायपुर मार्ग के चौड़ीकरण होने के बाद इस मार्ग पर वाहनों का दबाव पहले की तुलना में बढ़ गया है। टाटीबंध से हीरापुर मार्ग घने रिहायशी क्षेत्र के रूप में तब्दील होने की वजह से क्षेत्र में लोगों को सुगम आवाजाही की सुविधा देने ओवरपास निर्माण की अरसे से मांग की जा रही है। इस बात को ध्यान में रखते हुए हीरापुर, सरोरा तथा जरवाय चौक पर 100 करोड़ रुपए की लागत से तीन ओवरपास बनाए जाने का निर्णय शासन स्तर पर लिया गया है। रायपुर-बिलासपुर मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव कम करने सिलतरा में अलग से बायपास मार्ग बनाया गया है, सिलतरा में बायपास मार्ग के निर्माण होने के बाद टाटीबंध से हीरापुर, सरोरा जाने वाले मार्ग पर जैसा ट्रैफिक दबाव कम होने की उम्मीद थी, उस लिहाज से ट्रैफिक का दबाव कम नहीं हुआ। सिलतरा में बायपास निर्माण होने के बाद टाटीबंध-हीरापुर मार्ग पर 20 प्रतिशत के करीब ट्रैफिक दबाव कम हुआ है। सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं टाटीबंध से हीरापुर, जरवाय मार्ग पर होती हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए तीन स्थानों पर ओवरपास बनाने का निर्णय लिया गया है।

## खबर संक्षेप



### खरोरा में मनाया गया बुद्ध पूर्णिमा का पर्व

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में बुद्ध पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। 43 घरों में पांच दीप जलाकर गायत्री यज्ञ किया गया। जिसमें संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि गायत्री परिवार के घरों में पांच दीप जलाकर गायत्री यज्ञ किया गया और बुद्ध पूर्णिमा को देशभर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। यह दिन भगवान गौतम बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति हुए थे और महापरिनिर्वाण तीनों घटनाओं से जुड़ा हुआ है। इस शुभ अवसर पर व्रत, पूजा और कथा श्रवण का विशेष महत्व होते है। ऐसा माना जाता है कि बुद्ध पूर्णिमा की व्रत कथा पढ़ने और सुनने से जीवन में आने वाली सभी बाधाएं समाप्त हो जाते हैं और व्यक्ति को हर कार्य में सफलता मिलती है। बुद्ध पूर्णिमा को वैशाख मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है।

### छात्रवृत्ति के लिए आधार अनिवार्य

**छुईहा बेलर।** राज्य छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत एसटी, एससी एवं ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों की राज्य छात्रवृत्ति योजना के लिए आधार की अनिवार्यता के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा योजनावार आधार संसूचना जारी कर दी गई है। आधार संसूचना शासन की वेबसाइट ईजीएजेडईटीटीई डाट एनआईसी डाट इन से भी प्राप्त की जा सकती है। शासन के द्वारा शत-प्रतिशत हितग्राहियों का ई केवायसी अनिवार्य की गई है जिसके तहत वर्तमान सत्र 2025-26 से राज्य छात्रवृत्तियों के लिए लाभार्थियों का ई केवायसी व आधार आधारित डीबीटी किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला शिक्षाधिकारी ने विकासखंडशिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्यों को पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है।

# ग्रामीण पर झपट पड़ा तेंदुआ, रेस्क्यू के दौरान गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के रिसगांव (कोर) परिक्षेत्र की मासुलखोई बीट अंतर्गत एक घायल तेंदुए द्वारा सुबह लगभग 11:30 बजे खेत की झोपड़ी में सो रहे ग्रामी रंजीत नेताम पिता बुधु राम उम्र 55 वर्ष पर हमला कर घायल कर दिया जिससे उनके चेहरे पर चोट आई। हमले के बाद तेंदुआ झोपड़ी के सामने ही बैठ गया जिसके उपरान्त पेट्रोलिंग श्रमिक एवं ग्रामीणों द्वारा तेंदुए के घायल / अस्वस्थ होने की सूचना उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन को दी गई। तेंदुआ से घायल ग्रामीण रंजीत नेताम को वनरक्षक भोजराज नेताम के साथ शासकीय वाहन में तत्काल उपचार हेतु नगरी चिकित्सा केंद्र भेजा गया जहा प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गयी। वहीं दूसरी ओर वन विभाग द्वारा घायल तेंदुआ को इलाज के लिए बड़ी मस्कत करना पड़ा। ड्रोन कैमरा से निगरानी करने के बाद घायल तेंदुआ को जाल से पकड़ा गया बाकायदा रेस्क्यू के लिए जंगल सफारी के डॉक्टर जय किशोर जडिया, उपनिदेशक वरुण जैन, सहायक संचालक उदंती गोपाल कश्यप, रेंजर रिसगांव शैलेश बघेल, रेंजर दक्षिण उदंती चन्द्रबली ध्रुव, रेंजर इन्दागांव सुशिल सागर, ड्रोन पायलट सुधांशु वर्मा, राकेश मार्कंडेय, राजेंद्र सिन्हा एवं 15 स्टाफ मौजूद थे। तेंदुआ चलने में असमर्थ था एवं ड्रोन से देखने पर एवं उसकी गर्दन के पीछे घाव दिखाई दिया जिसके बाद उसे उठाकर रेस्क्यू वाहन में रखा गया जिसके तुरंत बाद रास्ते में ही तेंदुए ने दम तोड़ दिया। रेस्क्यू ऑपरेशन में सूचना होते हुए भी सहायक संचालक सीतानदी एम आर साहू नदारद थे। एक बार फिर सहायक संचालक घायल तेंदुआ के रिस्क के दौरान नदारत रहे पूर्व में उनके द्वारा कई लापरवाही सामने आ चुकी है।



### तेंदुए के शव परीक्षण में पीठ पर मिले निशान

तेंदुआ के शव का परीक्षण करने से पता चलता है किसी अन्य तेंदुए के दांत के निशान एवं 5-7 दिन पुराना 2 इंच का घाव पाया गया जिससे टेरिटरी के लिए आपसी संघर्ष के मामले की संभावना है। मृत नर तेंदुए की उम्र लगभग 4 साल आंकी गयी है। शव विच्छेदन कल सुबह किया जाएगा जिससे तेंदुए की मौत के बारे में स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। ग्रामीणों को अलर्ट एप्प के माध्यम से एवं मुनादी कर लगातार जंगली जानवरों एवं सर्प दंश से बचने के लिए समझाइश दी जा रही है। वन्य प्राणियों के सुरक्षित रहवास एवं पीने के पानी के लिए झिरिया एवं तालाब की व्यवस्था की गयी गयी है जिससे विगत 2 वर्षों में मानव-वन्यप्राणी द्वन्द में कमी आई है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन चर्चा में बताया घायल तेंदुआ को बचाने की भरसक प्रयास किया गया लेकिन उसके गर्दन में घाव और चोट आने के कारण इलाज के लिए ले जाने के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।



## चर्चा : युक्तियुक्तकरण की गलत नीतियों सहित अन्य मुद्दों पर हुई बैठक

# पटवारी के साथ मारपीट, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन महासमुंद द्वारा गत दिनों पिथौरा विकासखंड के पेंड्रावन में पदस्थ पटवारी विनय कुमार पटेल के साथ कुछ ग्रामीणों द्वारा 28 अप्रैल 2025 को मारपीट करते हुए शासकीय कार्य में बाधा व कागजात के फाड़े जाने पर राजस्व पटवारी संघ जिला महासमुंद के आवेदन के परिपेक्ष में संबंधित पटवारी विनय कुमार पटेल एवं संगठन से जानकारी प्राप्त करते हुए कर्मचारी भवन महासमुंद में बैठक आयोजित कर आक्रोश व्यक्त करते हुए घटना की घोर निंदा की गई। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की ओर से आक्रोश व्यक्त करते हुए मार्गदर्शक एवं कर्मचारी नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि पटवारी विनय कुमार पटेल से मारपीट किया जाना अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि शासकीय कर्मचारी कार्यालय में भी सुरक्षित नहीं है। मार्गदर्शक मंडल से उमेश भारती गोस्वामी ने कहा कि जिला प्रशासन इस पर अंकुश लगाते हुए कठोर कार्रवाई करें अन्यथा कर्मचारी जगत आंदोलन के लिए बाध्य होगा। अध्यक्षता करते हुए कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन ने बताया कि घटना के बाद से राजस्व पटवारी संघ जिला इकाई महासमुंद आंदोलनरत है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर उन पर कठोर कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर शिक्षा विभाग में शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकारण पर नाराजगी व्यक्त की गई। साथ ही कृषि विभाग बागबाहरा में पदस्थ शिवकुमार चंद्राकर के निलंबन को समाप्त करने की चर्चा हुई। जिला संयोजक ने बताया कि सभी मुद्दों को लेकर 13 मई को कलेक्टर महासमुंद में ज्ञापन सौंपते हुए जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रमोद तिवारी, उमेश भारती गोस्वामी, जिला संयोजक टेकराम सेन, पेंशनर संघ जिला संयोजक अशोक गिरी गोस्वामी, डॉ रामकुमार चंद्राकर, चिंताराम साहू, दिलीप तिवारी, ओम नारायण शर्मा, राजेश शर्मा, मनीष ठाकुर, एसपी ध्रुव, रामकुमार साहू, सिराज बक्श, अजय कुमार बंजारे, तुलेंद्र सागर, राम नारायण चंद्राकर, अनिल कोसरिया, विनय पटेल, राकेश थवाईत, सागर गिरी गोस्वामी, कुबेर साहू, उमेश साहू सहित छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, पशु चिकित्सा संघ, राजस्व पटवारी संघ, वाहन चालक संघ, सहायक शिक्षक फेडरेशन, अजेक्स, अपेक्स, चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ सहित कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक का संचालन सिराज बक्श ने किया। उक्त जानकारी फेडरेशन के जिला मीडिया प्रभारी ओम नारायण शर्मा ने दी है।



# नपाउपाध्यक्ष ने किया सीसी रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के वार्ड क्रमांक 28 स्थित कलेक्टर कालोनी के बाजू सीसी रोड निर्माण का निरीक्षण नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने किया।

साथ में अल्पसंख्यक भाजपा शहर मोर्चा अध्यक्ष नईम खान, महेंद्र सिक्का व गौरव राठी भी मौजूद रहे। इस दौरान ठेकेदार के मुंशी को कहा गया कि रोड निर्माण में क्वालिटी का ध्यान रखे तथा पानी की क्यूरिंग सही होनी चाहिए। राठी ने बताया उक्त रोड निर्माण के लिए ठेकेदार को दो नोटिस दिया गया था। 15 दिन पहले वार्डवासियों ने संपर्क किया, तब ठेकेदार को फोन पर कहा गया कि 15 दिन के अंदर काम चालू करें अन्यथा ठेका निरस्त कर दिया जाएगा, तब आनन फानन में ठेकेदार ने दो दिन पहले निर्माण कार्य चालू किया है।

पहले 4 इंच का सीसी बेस करने के बाद 6 इंच का टॉप सीसी किया जाएगा। 5 मीटर चौड़ी रोड होगी। 15वें वित्त आयोग मद से लगभग 10 लाख की लागत से बनाया जा रहा है। आज पुनः ठेकेदार को फोन पर हिदायत दी गई रोड मजबूत बनाए, मोटाई बेस के साथ टोटल 10 इंच से कम नहीं होना चाहिए।

# परंपरानुसार डिप्टी सीएम साव का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के प्रवास के दौरान उपमुख्यमंत्री अरुण साव वरिष्ठ भाजपा नेता मोती साहू के तुमगांव स्थित निवास पहुंचे। साव का पारंपरिक छत्तीसगढ़ी रीति-रिवाजों के अनुसार ढोल-नगाड़ों, पुष्प वर्षा से स्वागत हुआ।

इस अवसर पर मोती साहू ने उपमुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह स्वरूप अयोध्या में विराजमान भगवान रामलला का तैलचित्र भेंट किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में परंपरागत कारीगरों और ग्रामीण उद्यमिता को सशक्त करने की दिशा में सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष बलराम कांत साहू, उपाध्यक्ष सवित्री उत्तम निर्मलकर, पार्षद रामशरण निर्मलकर, भुवनेश्वर साहू, भारती टंडन, खैरझिटी के सरपंच कुंजराम चेलक, कृपाशंकर दीवान, धनीराम साहू, रेखू साहू, राधाबाई, गिरिजा दास सहित अनेक अतिथि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### रेडक्रॉस दिवस पर मानवता का महापर्व, रक्तदान शिविर एवं जनजागरूकता अभियान

**महासमुंद।** विश्व रेडक्रॉस दिवस पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के बैनर तले रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय मेडिकल कालेज में हुआ। डॉ.अशोक गिरि गोस्वामी (जिला संगठक एवं राज्य प्रतिनिधि) ने रेडक्रॉस की सेवा यात्रा और विविध गतिविधियों की विस्तृत झलक प्रस्तुत की। संदीप दीवान (चेयरमैन) ने जीवंत उदाहरणों के माध्यम से रेडक्रॉस की आवश्यकता और प्रभाव को रेखांकित किया। डॉ. आरके परदल (वाइस चेयरमैन) ने संगठन के ऐतिहासिक विकास और उसकी प्रेरणाओं पर प्रकाश डाला। किरण पटेल (ब्लॉक रेडक्रॉस सचिव) ने टीम भावना, चुनौतियों और समर्पण की सुंदर व्याख्या की। दाऊलाल चंद्राकर पूर्व सभापति एवं सदस्य ने रेडक्रॉस सदस्यों की सामाजिक जिम्मेदारियों को उजागर करते हुए उन्हें समाज के सच्चे संरक्षक बताया। हेमलता मालिकार ने विद्यार्थियों की भूमिका और मानवीय मूल्यों की अहमियत को भावनात्मक रूप से प्रस्तुत किया।

### भूमिपूजन...



**तेंदूकोना।** ग्राम पंचायत मोंगरापाली स आश्रित ग्राम सराईपाली में विधायक मद से मिनी हाई मास्क लाइट का भूमिपूजन किया गया। सरपंच भूमिका विनय साहू, उपसरपंच ईश्वरी ध्रुव, ग्राम प्रमुख गजानंद ठाकुर, राधेश्याम ठाकुर, कैलाश निषाद, श्यामलाल ठाकुर, गौकर्ण साहू, तुलसी पांडे, लड्डू लाल मिश्रा, समस्त पंच व ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# वरिष्ठ भाजपा नेता टांकसाले के घर पहुंचे निगम अध्यक्ष

## पुराने दिनों की याद ताजा कर पूछा कुशलक्षेम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर ने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता माधव राव टांकसाले के निवास पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने टांकसाले के साथ पुराने दिनों की यादें ताजा की।

चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो अपने कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान देता है। आज एक चाय वाला देश का प्रधानमंत्री है। एक संन्यासी योगी उत्तरप्रदेश का मुख्यमंत्री है, यह भाजपा के सुशासन के संकल्प के साथ निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पहचान का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि पार्टी के बुजुर्ग नेताओं, कार्यकर्ताओं ने अपनी त्याग व समर्पण से पार्टी को सींचकर आज उस मुकाम तक पहुंचाया है, जिससे वह विश्व के सबसे अधिक कार्यकर्ताओं वाली पार्टी बनी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों के संघर्षों को प्रणाम करने उनका आशीर्वाद लेने वे नियमित रूप से समय-समय पर वरिष्ठजनों से मिलते रहेंगे।

# शैक्षिक भ्रमण के लिए मानवीय शिक्षा शोध केंद्र पहुंचे परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटेवा

मानवीय शिक्षा शोध केन्द्र तेंदूवाही शैक्षिक भ्रमण में आए परिवारजनों ने बताया कि 33 परिवारों ने एक साथ मिलकर एक जगह में जीने का शुरुआत किया।

इस संबंध में जीवन विद्या शिविर का प्रबोधन कर रहे शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने बताया कि परिवार ही प्रमाण का प्रथम आधार है, परिवार शब्द का अर्थ जहां तक मेरे पवित्रता का फैलाव है, जहां मेरा पार लग जाये, जीने की सही समझ मिले,आपस में श्रेष्ठता का सम्मान हो इस बात को साकार करने के लिए मानव जन कल्याण संस्थान के संचालक गुरु प्रसाद बाबा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अपने तन मन धन से 33 परिवारों को साथ लेकर 80 वर्षीय गुरु प्रसाद कबीर आश्रम ने अभिभावक विद्यालय उत्सव पारा सांकरी की स्थापना किए, जो अभिभावक द्वारा संचालित है। बच्चों के अभिभावक ही शिक्षक है। इस अवसर पर अंबा ने सभी को साथ मिलकर लक्ष्य को पाने के लिए धीरता वीरता के साथ जीने की बात कही।साधन भट्टाचार्य ने परिवार व्यवस्था, माता-पिता और पुत्र-पुत्री संबंध, विवाह संबंध पर सभा का ध्यान आकर्षण कराया। डाक्टर संकेत ठाकुर ने युद्ध,लड़ाई, अपराध के खात्मे के लिए जीवन विद्या के अध्ययन को अनिवार्य बताया। इस अवसर पर उत्सव पारा सांकरी के सभी परिवारजन धनेश साहू, हेम कृतिका, सुरेश नेताम, सुनीता शर्मा, विजय लक्ष्मी, प्रवीण शर्मा, शुक्लांबर रायगढ़ से उपस्थित रहे।



पेज 11 के शेष...

### चिलचिलाती धूप में...

वृक्षारोपण आज बड़े-बड़ पेड़ के रूप में मौजूद हैं। बताया कि अपने कार्यकाल में हर साल वे एक हजार पौधे रोपने का संकल्प लिया हुआ था । पांच साल में कोई पांच हजार पौधे शहर के कई हिस्सो में रोपे गए। जिसमें से अधिकतर पौधे पेड़ के रूप में विकसित हो चुके है। बताया कि इन पौधो को आंध्रप्रदेश से मंगवाया गया था। इन्हे सड़क किनारे कई प्रतिष्ठानों एवं घरों के सामने रोपने के बाद इनकी सुरक्षा के लिए बाकायदा 16 किलो वजन का ट्रीगार्ड भी लगाया गया और इस ट्रीगार्ड को जिनके घरों अथवा प्रतिष्ठान के सामने लगाए, वे सभी सौ रूपए से पांच सौ रूपए दिए भी जिसका नगर पालिका में रसीद भी काटा गया। आगे चलकर इन ट्रीगार्डो का उपयोग आने वाले वर्षों के पौधारोपण में किया गया। श्री गोयल के दूरदर्शी सोच और कार्यो को लोग आज भी याद कर रहे है।

### जिले के 71 स्काउट...

रिखीराम यादव, प्रीतम सिन्हा, मिलेश्वरी साहू, पुष्पा जगन्नाथ साहू, आशीष शिंदे, जिला आयुक्त गाइड रेखा शुक्ला कार्यकारिणी सदस्य संजीव चंद्राकर सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संबंधित संस्थाओं के प्राचार्य, स्काउटर गाइडर जिला के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित किया। उक्त जानकारी टेक्निकल प्रभारी चैतन्य यदु एवं जिला मिडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी है।

### एनएचएम कर्मचारियों ने मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ ने अपने विभिन्न मांगों को लेकर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों की मांगों में संविलियन एवं स्थाईकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, कार्यमूल्यांकन सीआर व्यवस्था में पारदर्शिता, लंबित 27 प्रतिशत वेतन बृद्धि, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकंपा न्युक्ति, मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुविधा, स्थानांतरण नीति, न्यूनतम 10 लाख तक कैशलेस चिकित्सा बीमा सुविधा, समय पर नियमित वेतन की भुगतान आदि शामिल है। इस दौरान संघ के महसमुंद जिलाध्यक्ष राम गोपाल खूंटे, देव कुमार डड़सेना आदि मौजूद रहे।





## खबर संक्षेप

### कक्षा 5 वीं में केशरी प्रथम

**नवापारा-राजिम।** प्राथमिक शाला विद्या मंदिर पिपरौद की कक्षा 5 वीं की वार्षिक परीक्षा परिणाम में केशरी साहू नें 95.50% अंक प्राप्त कर पूरे कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्रा केसरी उमेश साहू की सुपुत्री है।



केशरी शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। इस उपलब्धि के लिए केशरी को विद्यालय के प्रधानपाठक हेमराज साहू, दीपक यादव, मानिक राम साहू अंजू साहू, गोमती साहू, त्रिवेनी साहू, नंदूराम कंवर ने बधाई एवं शुभकानाएं दी। उनके उज्वल भविष्य की कामना की। शाला को सुचारू रूप से चलाने में समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं व समिति के पदाधिकारियों का विशेष योगदान है। इसी क्रम में कक्षा 5 वी में एकलव्य साहू पिता खिलेश्वर साहू ने 94.50% के साथ द्वितीय स्थान और हरीश साहू पिता दिलीप साहू ने 92.50% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### मारपीट, जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** विवाद के दौरान समझाने पहुंचे एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना हो गई। तुमगांव पुलिस को रंजित निवासी कांपा ने बताया कि 11 मई की रात 8 बजे गांव का उमेश टंडन शराब के नशे में उसके मौसेरे भाई बादल टंडन के साथ विवाद कर रहा था, जिसे जब उसने समझाया तो आरोपी ने गाली देते हुए पास में रखे पत्थर से आंख के उपर माथे के पास मारा और जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### सुशासन तिहार में मिले 95 प्रतिशत आवेदन विभागों को भेजकर बता दिए निराकृत

**रायपुर।** सुशासन तिहार के आवेदनों की कार्यवाही को सरकार अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक करे। कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने दावा किया कि सरकार को मिले 95 प्रतिशत आवेदनों को संबधित विभागों को भेजकर निराकृत होने का दावा किया जा रहा है। किसी भी आवेदन पर समुचित कार्यवाही नहीं की गई। साय सरकार का सुशासन तिहार फ्लॉप साबित हुआ है। सुशासन तिहार के दौरान मिले आवेदन : सुशासन तिहार के पहले दूसरे चरण में आम जनता की समस्याओं से संबंधित लगभग 40 लाख आवेदन आए थे। इसके पहले मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम में 75 हजार से अधिक आवेदन आए थे, जिनका आज तक निराकरण नहीं हुआ है। ऐसे में सुशासन तिहार के तीसरे चरण का कोई मतलब नहीं है। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल से हताश और परेशान हो गई है। किसान, मजदूर, व्यापारी, महिलाएं, छात्र, युवा, हर वर्ग हताश और परेशान हैं, अपनी समस्याओं को लेकर दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं।

### विधायक मूणत ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

**रायपुर।** रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने रविवार को जोन 7 के 2 वार्डों में 1 करोड़ 18 लाख के आधा दर्जन नए विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। संत रामदास वार्ड और सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड में भवन निर्माण, सौंदर्यीकरण और जीआई पाइपलाइन विस्तार कार्य शामिल है। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक राजेश मूणत ने 1 करोड़ 18 लाख रुपए की स्वीकृत लागत से 6 विविध नवीन विकास कार्यों को शीघ्र कराने भूमिपूजन किया। इस मौके पर श्री मूणत ने कहा कि इन कार्यों का उद्देश्य केवल निर्माण नहीं, बल्कि नागरिकों की जरूरतों को पूरा कर जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास है कि रायपुर पश्चिम का कोई भी वार्ड मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। जनता से जो वादे किए हैं, उन्हें जमीन पर उतारना ही मेरी सबसे बड़ी जवाबदेही है। सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड में अधोसंरचना मद से 40 लाख रुपए की लागत से जीआई पाइपलाइन विस्तार कार्य, 20 लाख रुपए की लागत से शीतला माता मंदिर के समीप शेड आदि निर्माण कार्य कराया जाएगा।

---

**आयोजन : बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर रसेला सहित क्षेत्र में हुआ गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ**

# राष्ट्र सुरक्षा व शांति स्थापना के लिए यज्ञ उत्तम उपाय : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में बुद्ध पूर्णिमा पर रसेला सहित क्षेत्र में विश्वव्यापी गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ सुबह 8 बजे से दोपहर 12. 30 बजे तक चला। इसमें गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया गया। भारतीय सेना और वीर सैनिकों की सुरक्षा के लिए विशेष वैदिक मंत्रों से आहुतियां दी गई। गायत्री परिवार के जगत राम, ठाकुर राम, नंदकिशोर यादव, चन्द्रकला, सरस्वती, दुलम, तुलसी देवांगन ने महायज्ञ का उद्देश्य बताया। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्र की सुरक्षा और शांति स्थापना के लिए किया गया। साथ ही आतंकवाद का नाश, पर्यावरण शोधन और सेना का मनोबल बढ़ाना भी इसका लक्ष्य है। इस के लिए गायत्री परिवार के साधक घर घर जाकर जाकर संपर्क कर अभियान में शामिल होने प्रेरित किया गया। अभियान की सफलता के लिए प्रत्येक पज्ञापीठों, शक्तिपीठों से गायत्री परिजन के समर्पित कार्यकर्ता घर-घर हवन सामग्री के किट बनाकर वितरित किए गये। जिस घर में विशेष अवसर जैसे जन्मदिवस, विवाह दिवस, नामकरण, अन्नप्राशन आदि शुभ अवसरों है, वहां एक कुण्डली गायत्री महायज्ञ किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत व्यक्तिगत रूप से एक कुण्डली और सामूहिक रूप से पांच, नौ, चौबीस, इक्यावन और 108 कुण्डली गायत्री यज्ञ का क्रम चल रहा है जो 2026 की बसंत पंचमी तक चलेगा।



#### मां गायत्री हमें जीवन का सिखाती है सिद्धांत


प्राचीन काल में देश पर जब भी कोई संकट आते थे तो आश्रमों के ऋषि मुनि संकट के निवारण के लिए विशेष अनुष्ठान करते थे, सामूहिक रूप से किए गए अनुष्ठान से वातावरण का निर्माण होता है। नागरिकों के आत्मविश्वास और सैनिकों के शौर्य में वृद्धि करता है। इसे ध्यान में रखते हुए बुद्ध पूर्णिमा को यज्ञ दिवस के रूप में मनाया गया। गृह गृह गायत्री यज्ञ एक अभियान है जो अखिल भारतीय गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार घर घर गायत्री मंत्र और हवन के माध्यम से देश और दुनिया में शांति और समृद्धि लाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। रसेला गायत्री परिवार के सदस्य चन्द्रकला यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि इन दिनों पूरे विश्व में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहे हैं। चारों ओर देवासुर संग्राम के बीच आध्यात्मिक चेतना का उभार स्पष्ट दिखाई देने लगा है। गायत्री और यज्ञ हमारी संस्कृति के माता-पिता है। मां गायत्री हमें जीवन जीने का दर्शन सिद्धांत सिखाती है और भगवान यज्ञ हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं। यह ज्ञान और कर्म रूपी जीवन रथ के दो पहिये है।

#### विश्वमाता गायत्री की उपासना व त्याग जीवन की देती है प्रेरणा

सरस्वती यादव ने कहा कि युग परिवर्तन की इस बेला में लोगों के पास साधन भरे पड़े हैं, पर उनमें साधना का अभाव है। इसी कारण ज्ञान, धन और शक्ति मिलकर भी सुख शांति के विनाश, स्थायी सुख शांति और संतुष्टि के लिए गायत्री और यज्ञमय जीवन की आवश्यकता आन पड़ी है। वेदमाता, देवमाता और विश्वमाता गायत्री की उपासना त्याग, परोपकार, संगठन और दिव्य जीवन की प्रेरणा देती है। यज्ञ के माध्यम से मनुष्य में देवत्व का उदय व धरती पर स्वर्ग अवतरण निश्चित होगा। इस दौरान यशराम यादव, लक्ष्मी यादव, विनय, निखिल, निलेश यादव, दुलसिया यादव, लता यादव, रेणुका यादव सहित परिजन उपस्थित थे।

---

# लंबित मांगों को पूरा करने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

प्रदेश के मुख्य विष्णुदेव साय ने आदिवासी अंचल के ग्राम मड़ेली विकास खण्ड छुरा में गत दिवस सुशासन तिहार शिविर हजारों की जनसंख्या के मध्य में क्षेत्र को विकास की सौगाते दी है। रोहित साहू विधायक राजिम ने वर्षों पुराने विकास कार्यों की मांग मुख्यमंत्री से किया। जतमई, घटारानी,झरझरा, तीर्थस्थल को पर्यटन केंद्र बनाने व राजिम से छुरा मार्ग चौड़ीकरण,मड़ेली में 132 केवी विद्युत केंद्र स्थापना, खड़मा में महाविद्यालय प्रारंभ करने और पिपरछेड़ी जलासय अधुरा कार्य पूर्ण करने के लिए मांग रखी गई। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा राजिम से छुरा चौड़ीकरण, मड़ेली मे 132 केवी विद्युत केंद्र एवं पिपरछेड़ी जलासय को पुरा करने का घोषणा किया है। जिसके लिए क्षेत्रीय आदिवासी विकास संघर्ष समिति खड़मा के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने सहृदय मुख्यमंत्री को आभार व्यक्त किया।

---

# सुशासन तिहार केवल ढकोसला : विधायक ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक जनक धुरव ने राज्य की विष्णुदेव साय सरकार के 'सुशासन तिहार' को ढकोसला बताया है और कहा है कि जनता को इससे कोई लाभ नहीं मिलने वाला है, सरकार को मिले 95 प्रतिशत आवेदनों को संबधित विभाग को भेजकर निराकृत होने का दावा किया जा रहा है आवेदनों पर समुचित कार्यवाही नहीं किया जा रहा है सुशासन तिहार समाधान शिविरों में भाजपा के नेता व पूर्व विधायक द्वारा स्वंय सवाल खडे किया जा रहा है समाधान शिविरो में समाधान के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किया जा रहा है जनता का सरकार से मोह भंग हो गया है जिसके चलते समाधान शिविरो में अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या ज्यादा रहती है और जनता नहीं पहुंच रहे हैं पुरा कुर्सी खाली रहता है। विधायक श्री ध्रुव ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने भी सुशासन तिहार के समाधान शिविर में अफसरों को आडे हाथ लेते हुए यहा तक कह डाला कि यहा भींड ही नहीं है और मुझे माईक पकडा दिए हो किसकों संबोधन करू जो राज्य सरकार के सुशासन तिहार की असफलता को बता रही हैं। विधायक जनक ध्रुव ने आगे कहा कि विष्णुदेव सरकार के सुशासन त्यौहार फ्लाप साबित हो रहा है, पहले चरण में आवेदन लिये गए थे दूसरे चरण में समस्या निराकरण नहीं हुआ और तीसरे चरण में अब समस्या समाधान शिविर का जो आयोजन किया जा रहा है उसमें लोग नहीं पहुंच रहे हैं प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के डेढ साल के कार्यक्राल से हताश और परेशान हो गई है। किसान, मजदूर, व्यापारी, महिलाए, छात्र, युवा हर वर्ग हताशा और परेशान है, अपनी समस्याओं को लेकर दफ्तरों के चक्कर लगा रहे है और जिम्मेदार तिहार मना रहे हैं।

---

# उरमाल हाई स्कूल व हायर सेकंडरी भवन निर्माण में देरी पर चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

कहते है दो रोटी कम खाओ लेकिन अपने बच्चे को पढ़ाओ लेकिन मैनपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत उरमाल में मां पिता को पढ़ाना चाहते है लेकिन सरकार की मंशा ही कुछ और है। मामला है ग्राम पंचायत उरमाल के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी भवन स्वीकृति मिलने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है,कार्य प्रारंभ नहीं हुआ वो अलग मसला दूसरी ओर पहली कक्षा से लेकर बारहवीं तक एक कैम्पस में दो पालियों में पढ़ाई हो रही है, जिससे ना तो प्राथमिक, माध्यमिक के बच्चों की ढंग से पढ़ाई हो रही है न तो हाईस्कूल की। मामला इस प्रकार है 2023 बिंद्रानवागढ़ शिविर में तात्कालिक मुख्यमंत्री भूपेश



बघेल ने अपनी घोषणा में धुर्वागुड़ी और उरमाल हाई तथा हायर सेकेंडरी की नवीन भवन के लिए स्वीकृत प्रदान की उसके बाद सरकार रहते प्रकिया आगे बढ़ी और 1.21 लाख की राशि स्वीकृति भी मिली, उसका टेंडर भी हुआ तथा ठेकेदार भी मिल गया। लेकिन कार्य आदेश नहीं मिल पाया कुछ महीनों बाद चुनाव हुआ और इतना ही नहीं कार्य आदेश के लिए स्थानीय नेता और ग्रामीण दर दर भटक रहे है किंतु आजतक कार्य आदेश नहीं मिल पाया जिससे अभी भी काम रुका हुआ है।

मामले में युवा कांग्रेस नेता देवानंद राजपूत ने भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा छात्र -छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। दो पालियों में संचालित होने की वजह से सभी कक्षाओं के परिणाम काफी प्रभावित हुए है इस वर्ष तो 10वी का उत्तीर्ण प्रतिशत मात्र 68ः रह गया है,उरमाल स्कूल जिले के टॉप स्कूलों में एक थी लेकिन राजनीति की शिकार हो गई है। इस सत्र से पहले कार्य आदेश नहीं मिल और कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो हम आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

---



# मानिकचौरी में ग्राम विकास समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

ग्राम मानिकचौरी में ग्राम विकास समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्व सहमति से ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष गोविन्द तिवारी, उपाध्यक्ष तुलसी ढीढी, सचिव कैलाश तिवारी, कोषाध्यक्ष पुनुराम सेन, सहसचिव गजेन्द्र साहू चयन किया गया। बैठक में सरपंच हेमलता साहू, पूर्व सरपंच बुद्धेश्वर साहू, पूर्व ग्राम अध्यक्ष छबिराम साहू, पूर्व जनपद सदस्य भूपेंद्र साहू, रामलाल साहू ,बल्लू साहू, उदय ध्रुव, झरोखा साहू ,रामप्रसाद वंदे ,रमेश बघेल, ग्राम पंचायत के पंच गन एवं ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति थी।

#### बुद्ध पूर्णिमा पर 752 घरों में हुआ यज्ञ

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में बुद्ध पूर्णिमा पर देशभर में गृहे-गृहे यज्ञ का आयोजन किया गया। इस महाअभियान के अंतर्गत महासमुंद नगर में 201 घरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 551 घरों में विधिवत यज्ञ हुआ। इस पावन आयोजन का उद्देश्य जनमानस में आध्यात्मिक चेतना जाग्रत करना तथा परिवारों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना था। कार्यक्रम के तहत गायत्री परिवार के परिजनों ने एक दिन पूर्व घर-घर संपर्क कर यज्ञ आयोजन की जानकारी दी और हवन सामग्री, देव स्थापना चित्र एवं साहित्य का निशुल्क वितरण किया। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में परिजनों ने सहभागिता निभाई।

---

# नए सिरे से होगा दिव्यांगजनों का सर्वेक्षण : कावड़िया

**छुईहा बेलर।** छत्तीसगढ़ राज्य निशक्तजन, वित्त एवं विकास निगम आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने बताया कि राज्य में नये सिरे से दिव्यांगजनों का सर्वेक्षण कराया जाएगा। दिव्यांगों की सुविधा के लिए जीई रोड के किनारे पुराने आरडीए कार्यालय में आयोग का कार्यालय शीघ्र प्रारंभ होगा। छत्तीसगढ़ राज्य दिव्यांगजन एवं वित्त आयोग के अध्यक्ष लोकेश कावडिया ने बताया कि राज्य शासन द्वारा दिव्यांगों को आसान किश्तों पर ऋण देने के लिए आयोग का गठन किया गया है। प्रदेश में वर्तमान में साढ़े सात लाख दिव्यांग रजिस्टर्ड है, जिनका नए सिरे से सर्वेक्षण किया जाएगा। एक अनुमान के अनुसार करीब 12लाख दिव्यांग पूरे प्रदेश में है। इन दिव्यांगों को आसान किश्तों पर ऋण दिया जाएगा तथा समय पर ऋण पटाने वाले को 25 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदान की जाएगी। केन्द्र सरकार द्वारा बनाई गई जनहित कारी योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा ताकि मोदी के सपने साकार हो सके।

---

# घटकर्रा विद्यालय में दसवीं का परीक्षा परिणाम 87 प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका

शासकीय हाई स्कूल घटकर्रा में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम लगभग 87% रहा। इस वर्ष 13 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर विद्यालय की गरिमा को कायम रखा। विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान पर कुमारी याचना ग्राम नागझर ने 85% अंक अर्जित किया। द्वितीय स्थान पर कुमारी कुमकुम ग्राम बोडराबांधा ने 79% अंक अर्जित किया। तृतीय स्थान पर कुमारी मीनाक्षी ग्राम नागझर ने 77% अंक अर्जित की। चतुर्थ में कुमारी चेतना ग्राम आसरा पांचवा कुमारी गीतांजलि ग्राम आसरा रही। शेष बच्चों में आशा डिहिपारा , अरुण आसरा, कुमारी वेदिका घटकर्रा, कुमारी रिया आसरा, सोनू साहू नागझर, कुमारी समीक्षा नागझर, कुमारी प्रेमिन घटकर्रा ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन कर स्कूल का मान बढ़ाया है। विषम परिस्थितियों में विद्यालय का उत्कृष्ट प्रदर्शन सराहनीय है। विद्यालय



परिवार सुशीला कुजूर, पूर्व प्राचार्य, संजय कुमार वर्मा ,दिनेश कुमार वर्मा, दीपक कुमार नाग, लक्ष्मी दीवान, मनीषा साहू, ओमप्रकाश साहू ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित किया है। उक्त जानकारी दिनेश वर्मा द्वारा दी गई।

---

**आदिवासी अंचलों में तेंदूपत्ता आय का एक स्रोत**

# तेंदूपत्ता से खिले संग्रहकर्ता चेहरे, मिलेंगे बढ़िया दाम : बंजारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

सरकार की महती योजनाओं में से एक हरा सोना तेंदूपत्ता जो आदिवासी अंचलों में इसकी खूब संग्रहण होती हैं। तेंदूपत्ता एक प्राकृतिक रूप से उत्पन्न होने वाली पौधा है जो जंगलों में पाए जाते हैं। आदिवासी अंचलों में तेंदूपत्ता की खूब उत्पत्ति होती हैं और यहां आय का एक स्त्रोत हैं। सरकार इस हरा सोना तेंदूपत्ता का मूल्य प्रति सैकड़ा के हिसाब से 550रुपए और प्रति मानक बोरा की दर से 5500 रुपए संग्रहणकर्ता को प्रदान किया जाता हैं। आदिवासी वनांचल अंचलों में निवास करने वाले लोग जंगली जानवरों के डर के बावजूद अपनी मजदूरी और परिवार कल्याण रोजी रोटी के लिए जान में जोखिम डाल कर हरा सोना तेंदूपत्ता का तोड़ाई करते हैं। सरकार भी इस महत्वाकांक्षी योजना से आम जनता को इसका सीधा लाभ देकर राहत की सांस दे रहे हैं। क्योंकि वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले लोग वनों से मिलने वाली विभिन्न प्रकार के वनस्पतियों पर निर्भर रहते हैं। रुपनाथ बंजारे जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ श्रमिक संगठन मज़दूर संघ गरियाबंद ने कहा सरकार को सख्त हिदायत देना चाहिए



आलाअफसरों को वनांतर्गत निवासरत करने वाले ग़रीब, मज़दूर, बेसहारा, असहाय और रोजमर्रा की जिंदगी जीने वाले को क्या क्या योजना दिया गया। क्योंकि वनों पर निर्भर रहने वाले लोगों को सरकार से मिलने वाली सभी योजनाओं के बारे मे जानकारी होना चाहिए। ताकि रोजमर्रा की जिंदगी से ऊपर उठ कर सरकार की सोच के तहत अंतिम गांव में बसे एक एक व्यक्तियों के लिए विकास की राह आसान होगी। और शिक्षित शिक्षा के क्षेत्रों में निरंतर अग्रसर होंगे।

---

## ग्रामीण अंचलों की पहचान छींद



**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के खजूर छीन्द का फल इन दिनों बाजार में बिकने पहुंच चुकी है और स्वाद में काफी मिठा व शरीर के लिए काफी पौष्टीक बताए जाने वाला छीन्द का फल बाजार में हाथों हाथ बिक रही है। दो तरह की छीन्द का पेड क्षेत्र में है। एक विशाल वृक्ष और दूसरा पौधे के रूप खाने में छोटे पौधे बुटा वाले छीन्द की मांग ज्यादा देखने को मिल रही है। मैनपुर क्षेत्र में छीन्द के पेड बहुत ज्यादा संख्या में पाया जाता है और इन दिनों छिन्द का फल कही कही पक चुका है और कही कही बाजार में भी आ चुका है।

---



# सरपंच व ग्रामीणों ने मिलकर चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

ग्राम पंचायत मैनपुर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए जहां एक ओर पुलिस प्रशासन द्वारा कमर कस लिया गया है। वहीं ग्राम पंचायत मैनपुर के महिला सरपंच हनिता नायक अपने पुरे पंचों के साथ नगर के मुख्य मार्ग सहित चौक चौराहों में स्वंय झाड़ु लगाकर साफ सफाई अभियान का शुभारंभ किया। साथ ही लोगों से अपील किया है कि नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए सभी अपना सहयोग दे। उन्होने कहा कि सप्ताह में एक दिन रविवार को पूरे पंचायत प्रतिनिधि और नगरवासी स्वेच्छा से नगर की साफ सफाई करेंगे।